# बिट्टू , बाबू , और बेमिसाल बच्चे



## इशू 1

एक नयी दुनिया की ओर


किसे पता था कि एक
कॉमेट की खोज से सब
बदलने वाला था...


बच्चों, इस ख़ास असेंबली में मेरे साथ हैं मशहूर वैज्ञानिक डॉ. अमीष बूदे। मुझे बेहद गर्व है कि कक्षा 9 की बिट्टू ने कुछ दिन पहले एक कॉमेट की खोज की। अब वह कॉमेट विश्व-भर में 'बिट्टू कॉमेट' के नाम से जाना जाएगा!


वाह बिट्टू!!!
ग़ज़ब!
शानदार!


वाह बिट्टू! आज तो पूरा स्कूल तुम्हारी ही चर्चा कर रहा है!
बाबू, तुम उस शाम साथ नहीं होते, तो मुझे नहीं लगता कि मैं यह कॉमेट खोज पाती! चलो अब मुझे डॉ. बूदे से मिलने जाना है, उन्होंने मुझे बुलाया है!


सर, मैं अंदर आ सकती हूँ?
हाँ, बिलकुल!
बिट्टू, तुम बुरा ना मानो तो मैं कुछ पूछना चाहता था।
हाँ सर, इसमें बुरी लगने वाली क्या बात है!
बेटा, इस कॉमेट के बारे में तुम्हें कैसे पता चला और तुमने कैसे टेलिस्कोप का इस्तेमाल किया?
सर, मैं सच कहूँगी तो आप यक़ीन नहीं करेंगे...


मैंने इस कॉमेट की खोज बिना टेलिस्कोप के की। मेरी आँखें... दूसरों की आँखों की तरह काम नहीं करती! मेरा दोस्त बाबू कहता है कि मेरी आँखें कैमरे की तरह है... यदि मैं घंटों तक एक जगह देखती रहूँ तो मैं ज़ूम करती रह सकती हूँ... जब तक सर दर्द नहीं करता। मैंने कॉमेट पहले आँखों से देखा था और फिर टेलिस्कोप और कैमरे से उसकी तस्वीर खींची। आप सोच रहे होंगे कि...
बिट्टू, बिट्टू, बिट्टू! गहरी साँस लो बेटा। इस बात से फ़र्क़ नहीं पड़ता कि मैं क्या सोच रहा हूँ, पर यह जानना ज़रूरी है कि तुम कितना सच बोल रही हो।


मैं इस काग़ज़ पर कुछ लिखूँगा। हम लोग फिर बहुत दूर जा कर पेड़ को देखेंगे और तुम्हें बताना होगा की मैंने क्या लिखा है।
दूरदृष्टि!
दूरदृष्टि
दूरदृष्टि
बहुत बढ़िया, बिट्टू! तुम्हें लगा होगा कि मैंने शक क्यों किया, लेकिन तुम समझोगी कि यह क्यों ज़रूरी था।


हाँ बिट्टू, मैं अब जो बताने जा रहा हूँ, उसकी जानकारी चुनिंदा लोगों के पास है। क्या मैं तुम पर भरोसा कर सकता हूँ?
जी सर।
पिछले कई सालों में, तुम्हारी तरह ही मेरा बहुत तरह की शक्तियों वाले बच्चों से मिलना हुआ और...
... मैं यह मानता हूँ कि इन शक्तियों को सही रूप और दिशा देना ज़रूरी है। मैंने कुछ साल पहले ऐसे बच्चों के लिए एक ख़ास स्कूल की स्थापना की!
यह एक बोर्डिंग स्कूल है। तुम्हारी आँखों की शक्ति देख कर मुझे लगता है कि तुम्हें इस स्कूल में पढ़ना चाहिए पर निर्णय तुम्हारा है...
स..र....


आप समझ सकते हैं कि यह मेरे लिए कितना बड़ा फ़ैसला है।
बिलकुल!
पर यह मौक़ा भी उतना ही बड़ा है! यदि मम्मी-पापा को आपत्ति नहीं, तो मैं तैयार हूँ!
टीम में तुम्हारा स्वागत है **‘कॉमेट बिट्टू!’**


...तो मैंने मौक़ा देख के मारा चौका और हाथ के हाथ बूदे सर को हाँ बोल दिया!
क्या?! बिट्टू तुम क्या बोल रही हो। तुम ठीक हो ना?!
हाँ बाबू! सोचो ना, यह मेरे लिये कितने गर्व की बात है कि वैज्ञानिक अमीष बूदे ने ख़ुद मुझे मौक़ा दिया।
अरे! कौन बूदे कैसा बूदे! कल तक तुम जिस इंसान से मिली तक नहीं थी आज उसके ऐसे गुण गा रही हो जैसे वो कहीं का मसीहा हो!


बाबू, कहीं तुम मेरी सफलता से जल तो नहीं रहे!
बिट्टू, तुम्हें पता होना चाहिए कि मैं हमेशा तुम्हारा भला चाहूँगा!


...कुछ दिनों के बाद
आप लोग मेरी चिंता मत करना! बाय...
ध्यान रखना, बिट्टू बेटा! मन लगा कर पढ़ाई करना!



बाबू,

मुझे अच्छा नहीं लग रहा कि मैं तुम से इस तरह झगड़ कर जा रही हूँ। मैं जानती हूँ कि तुम मेरे फ़ैसले को समझ पाओगे, और चाहोगे कि मैं उस नई जगह सफलता हासिल करूँ। यह सफलता अलग होगी क्योंकि वहाँ मेरा नंबर 1 समर्थक साथ नहीं होगा।

मुझे तुम्हारी याद आएगी। मेरे बिना पढ़ना-लिखना छोड़ मत देना। मैं तुम्हारी खबर लेती रहूँगी!

बिट्टू




डिशूम
दिशा
हर शक्ति को चाहिए सही दिशा
कहीं मैंने जोश में होश तो नहीं खो बैठा! बस यही आशा है कि यह फ़ैसला और इसका नतीजा, सही निकलें...


बिट्टू, तुम्हारे साथी तुम से मिलने के लिए उत्साहित हैं! हमें स्कूल की तरफ़ चलना चाहिए।
जी सर। कुछ से तो मेरा सामना हुआ था जब मैं हॉस्टल पहुँची ही थी। थोड़े शरारती लग रहे थे वो दो...
अच्छा, जो और डी. के.!
बेमिसाल बच्चों में तुम्हारा स्वागत है 'कॉमेट बिट्टू'!!!
बाऊ बाऊ


हाय बिट्टू! अब हम तुम्हें अपने बारे में बताएँगे।


मैं हूँ 'टार्ज़न' दीप और ये हैं मेरे दोस्त रेनबो, क्योंकि इसमें 7 रंग हैं, और फ्लफी, क्योंकि, तुम देख ही सकती हो!
मेरी शक्ति है कि मैं जानवरों से बात कर सकता हूँ। अब देखना, मैं रेनबो और फ्लफी की लड़ाई करवाता हूँ!


आया मज़ा?!


मैं हूँ 'जोशीला' जो और मैं अपने पूरे शरीर की ताक़त किसी एक हाथ या पैर में फोकस कर सकता हूँ। देखो मैं इस डी. के. को कैसे हनुमान जी अन्दाज़ में उठाता हूँ।


आराम से उतारना मेरे भाई! पिछली बार हड्डियाँ टूटते-टूटते बची थीं!
तू बोले तो इस बार वो कसर भी पूरी कर दूँ। हाहा


मैं हूँ अंधेरे में 'चिंगारी', भंडारी! मैं चुटकी बजा कर हवा को आग लगा सकता हूँ।


तालियों के लिए धन्यवाद! यह खेल जोखिम भरा है, इसे घर पर ना आज़माएँ!


मैं हूँ देवेश उर्फ़ डी. के.। मैं आपको नींद में कोई भी सपना दिखा सकता हूँ। मैं लोगों से पूछता रहता था कि क्या आप ड्रीम करेंगे तो लोगों ने मेरा नाम ही 'ड्रीम करेंगे' यानी डी. के. रख दिया...


मैंने कल जो को सपना दिखाया कि दुनिया की सारी लड़कियाँ उसकी दीवानी हैं इसलिए उसे सच्चाई अच्छी नहीं लग रही!


मैं हूँ मालू और ये है चानू। हम दोनों बहने हैं। चानू 10,000 से ज़्यादा भाषाएँ समझ सकती है, पर जब उसे हिन्दी में बोलती है, तो सिर्फ़ मैं समझ सकती हूँ कि वो क्या कह रही है। सुनिए चानू अभी क्या पढ़ रही है।
汉语


अरे वो गए थे ना जहाँ पर सब होता है और लोग बैठ कर ऐसे करते हैं!
मैडम कह रही हैं कि वो चीन गए थे जहाँ सभी लोग नियम-क़ायदे से साइकिल चला कर एक जगह से दूसरी जगह जाते हैं!
汉语


मैं हूँ 'बेवक्त' कुशल! मैं ख़ुद के लिए समय की गति धीमी कर सकता हूँ। चाहूँ तो एक घंटे का काम एक सेकंड में कर दूँ। दिक़्क़त यह है कि फिर मुझे उतनी देर आराम करना पड़ता है।


मैं अभी 1 सेकंड में यहाँ दीवार खड़ी कर दूँगा!




इंटरनेट इस प्रोफेसर बूदे के बारे में क्या कहता है...
मानव क्लोनिंग यानी इंसान का डुप्लीकेट बनाने की रिसर्च करने वाले वैज्ञानिकों में सबसे आगे...
अचानक एक दिन नैतिक कारणों की वजह से रिसर्च रोकने का फ़ैसला...
कुछ ही दिनों बाद एक ख़ास स्कूल शुरु करने की घोषणा!!


समझना यह ज़रूरी है कि दाल में कुछ काला है या पूरी दाल काली है। यह तो पक्का है कि अभी बहुत कुछ जानना ज़रूरी है इस बूदे के बारे में!


यहाँ सिर्फ़ मस्ती होती है कि पढ़ते भी हैं लोग?!
आने दो अभी बूदे सर को...
गुड मॉर्निंग, बच्चों! हम एक दूसरे की शक्तियाँ तो जानते हैं, लेकिन एक अच्छी टीम...
शक्ति की सीमा
... अपनी शक्तियों की सीमा भी जानती है।
शक्ति की सीमा
आज क्लास में सब अपनी शक्ति की सीमा लिखेंगे।


तुम लोगों ने क्या लिखा? मुझे तो कुछ समझ नहीं आ रहा था, यह सब मेरे लिए नया-नया है!
मैं लोगों को सपने तभी दिखा सकता हूँ जब वो सो रहे हों।
जब मैं अपनी सारी शक्ति एक जगह फोकस करता हूँ, मेरा बाक़ी शरीर कमज़ोर हो जाता है।
मुझे लगता था कि यदि मैं सभी जानवरों से बात कर सकता हूँ, तो उनसे अपने मन की करवा भी सकता हूँ, पर ऐसा नहीं है। सिर्फ़ फ्लफी और रेनबो मेरी सारी बातें मानते हैं।


क्या है मेरी कमज़ोरी? क्या है मेरी सीमा?
अच्छी टीम बनती जा रही है! जल्द ही हम तैयार होंगे...
आख़िर क्या चाहता है ये बूढ़े?


सर, अभी तक मैं अपनी शक्ति भी ठीक से नहीं समझती, तो मैं उसकी सीमा कैसे समझूँगी?
तुम अपनी शक्ति की सीमा जितनी समझोगी, उतनी ही अपनी शक्ति को बेहतर कर पाओगी...
मुझे देखे बिना बताओ मेरे शर्ट का रंग क्या है?
अम्म...
तुम्हारी शक्ति का ज़्यादा फ़ायदा तब है जब तुम याद रख सको कि पिछले कुछ समय में क्या-क्या देखा है।


बताऊँ बाबू को कि मुझे अभी समझने में दिक़्क़त आ रही है? नहीं नहीं। उसे चिंता हो जाएगी। अच्छा ही लिखती हूँ।
बिट्टू का ईमेल... कह रही है सब बढ़िया है...
...जैसे कि मैं समझता नहीं इस लड़की को!


... 2 हफ़्ते बाद
बच्चों, इस हफ़्ते हमारा ध्यान ट्रेनिंग पर रहेगा। पूरे जोश के साथ भिड़ जाओ!
आज तो सब की धज्जियाँ उड़ा दूँगा!
जल्दी नहीं, अच्छे से करना है!
ये छोटा स्नोई सुनता क्यों नहीं?!
ये हुई ना बात!
ख़ुद को नहीं जलाना है!
आज खा दुनिया का सबसे बेहतरीन पनीर!


जोशीला मुक्काबाज़ी कर रहा था...
वहाँ दूर चिंगारी पानी उबाल रहा था...
और दीप फ्लफी, रेनबो, और 2 और दोस्तों के साथ था...
मेसोपोटेमिया की भाषा सीखेंगे...


हफ़्ते के अंत में ...
इस हफ़्ते सब ने बढ़िया प्रदर्शन किया। इसी ख़ुशी में मैंने अगले हफ़्ते सब के लिए एक बड़ा सरप्राइज प्लान किया है!


चलो अब सो जाओ! सरप्राइज के बारे में सुबह उठ कर सोचना!


बूदे का मन बदला...
आख़िर बूदे इतना कैसे बदला?
आ गया है वक़्त पता करने का...
मैं जल्दी आऊँगा, बिट्टू! ये गुत्थी अपन साथ में सुलझाएँगे!
INVESTIGATION NEWS

ग़ज़ब कॉमिक्स

ग़ज़ब किरदार, ग़ज़ब कहानियाँ

और पढ़ने के लिए देखिए

gazabcomics.com


बिट्टू, बाबू, और
बेमिसाल बच्चे
असीम शक्ति
कुछ छुपे राज़...
जल्द आने वाला है अगला इशू